the Bankura and Purulia districts at an estimated cost of Rs. 22.66 crores.

No project report on Upper Darakeswar project has been received from the State Government so far.

तेनु तथा कोनार बांधों से 'लिफ्ट' सिंचाई

4647. **श्री राम दास सिंह :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार छोटा नागपुर (बिहार) के पहाड़ी क्षेत्रों के तेनू और कोनार बांध से, जहां नहर से और बहुत हद तक कुएं से सिंचाई नहीं हो सकती, सिंचाई का प्रबन्ध 'लिफ्ट' द्वारा करेगी ;

(ख) यदि हां, तो कब ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसका औचित्य क्या है, और छोटा नागपुर में सिंचाई का दूसरा तरीका क्या हो सकता है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला) : (क) से (ग) : सिंचाई राज्य विषय है, इसलिए सिंचाई परियोजनाओं का आयोजन, अन्वेषण तैयार करना और कार्यान्वयन राज्य सरकारों द्वारा किया जाता है। बिहार सरकार ने छोटा नागपुर के पहाड़ी क्षेत्रों के लिए तेनू और कोनार बांधों से लिफ्ट सिंचाई की कोई स्कीम केन्द्रीय जल आयोग को प्रस्तुत नहीं की है। लेकिन राज्य सरकार ने छोटा नागपुर के हजारी बाग और धनबाद जिलों के क्षेत्रों में सिंचाई सुविधाएं प्रदान करने के लिए कोनार व्यपवर्तन स्कीम, गोबई बराज स्कीम और खुदिया सिंचाई स्कीम, नामक एक बृहद और दो मध्यम सिंचाई स्कीमों का प्रस्ताव किया है। इसके अलावा, तेनूघाट बांध परियोजना से धनवाद-गिरिडीह की जनजाति पट्टी में लगभग 1600 हैक्टयर क्षेत्र को सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध होने का अनुमान है।

उत्तर प्रदेश में भूमि विकास बैंक से छोटे किसानों को ऋण

4648. **श्री राम नरेश कुशवाहा :** क्या **कृषि और सिंचाई** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक केवल उन किसानों को ट्रैक्टर के लिए ऋण देते हैं जिनके पास $12\frac{1}{2}$ एकड़ भूमि हो, जिससे उससे कम जमीन वाले लोग इस सुविधा से वंचित हो जाते हैं ; और

(ख) यदि हां, तो क्या केन्द्रीय सरकार उत्तर प्रदेश भूमि विकास बैंक के माध्यम से छोटी जोत वाले किसानों को ऋण सुविधायें दिलाने की व्यवस्था कर रही है ?

कृषि और सिंचाई मंत्री (श्री सुरजीत सिंह बरनाला : (क) तथा (ख) उत्तर प्रदेश सहकारी भूमि विकास बैंक केवल उन किसानों को ट्रेक्टर के लिए ऋण देता है जिनके पास $12\frac{1}{2}$ एकड़ भमि है और $12\frac{1}{2}$ एकड़ से कम भूमि वाले किसान अकेले ही ट्रेक्टर के लिए ऋण पाने के पात्र नहीं ह। लेकिन $12\frac{1}{2}$ एकड़ से कम भूमि वाले छोटे किसानों को इस शर्त पर सामूहिक ऋण पाने की अनुमति है कि समूह के सदस्यों द्वारा बैंक को वंधक हेतु दी गई कुल भूमि $12\frac{1}{2}$ एकड़ दोहरी सफल वाली भूमि से कम नहीं है।

प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा पर खर्च

4649. **डा० रामजी सिंह :** क्या **शिक्षा, समाज कल्याण और संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्राथमिक, माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा (तकनीकी और विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान सहित) पर क्रमश: कितनी-कितनी धनराशि खर्च की जा रही है ;